तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री


हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में रीना को मिला ...





14 एक हफ्ते में तीन चीतलों की हुई मौत का जिम्मेदार





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# करंट से तेंदुआ और गौर का शिकार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सोमवार को एक नर तेंदुआ और एक गौर का करंट से शिकार किए जाने के मामले में वन विभाग ने दो शिकारियों को गिरफ्तार किया है। मामले में तीन लोगों की संलिप्तता सामने आई है जिसमें से एक शिकारी फरार बताया जा रहा है।

बता दें कि 21 अप्रैल सोमवार को जिले के बागबाहरा वनपरिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल के संरक्षित वन के कक्ष क्रमांक 182 मे एक नर तेंदुआ और एक विशालकाय नर गौर शिकारियों का निशाना बन गए। शिकारियों के बिछाए गए करंट के जाल के चपेट में आने से उनकी मौत हुई लेकिन, शिकारी इससे पहले तेंदुआ और गौर के शव को हटा पाते इसकी जानकारी वन अमले को मिल गई और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव परीक्षण उपरांत मृत नर गौर एवं नर तेंदुए का शवदाह संस्कार मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) रायपुर, वनमण्डलाधिकारी महासमुन्द, उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद, वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा एवं अन्य वन कर्मचारियों की उपस्थिति में नियमानुसार समस्त अगों सहित पूर्ण रूप से घटना स्थल पर ही जलाया गया।

## सूअर पकाकर खा चुके शिकारी, बड़े शिकार को हथियाने से पहले हुई विभाग को जानकारी

### शिकारियों के पास से इन वस्तुओं की हुई बरामदगी

दोनों गिरफ्तार आरोपियों के पास से बिजली के तार, जंगली सुअर का पका मांस, कांच की शीशी, लोहे की कुल्हाड़ी, लकड़ी की खूंटी, शाही जानवर का पंख, खरगोश एवं पक्षी का फंदा बरामद हुआ है। बागबाहरा वनपरिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव ने बताया कि आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।



### पहले भी कर चुके हैं शिकार

शिकारियों ने तेंदुआ और गौर की करंट से हत्या करने से पहले भी कई बार शिकार को अंजाम दिए जाने की पुष्टि की गई है। पकड़े गए आरोपियों के हवाले से विभाग कर्मियों ने बताया कि शिकारियों ने करंट से मौत से पहले एक जंगली सुअर का भी शिकार कर चुके हैं जिसे वे पकाकर खा गए थे।

### दो दिन के भीतर हुई गिरफ्तारी

घटना के तत्काल बाद वन विभाग द्वारा जांच पड़ताल एवं पतासाजी करते हुए आरोपी मुकेश रावत (33 वर्ष) ग्राम खल्लारी एवं मनोहर यादव (50 वर्ष) को ग्राम ओंकारबंद से गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### डीजे ऑपरेटर से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद**। डीजे वाहन से टकराकर बिजली खंभा गिरने के बाद हुए विवाद में चार लोगों ने डीजे ऑपरेटर के साथ मारपीट कर दी। प्रार्थी व डीजे ऑपरेटर भागीरथी दास निवासी रेमड़ा ने बसना पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल को वह बानीपाली से एम डीजे वाहन 407 से लेकर सेमलिया से होकर जा रहा था। ग्राम सेमलिया की गली में लगे बिजलीतार से वाहन का ऊपरी हिस्से से तार टकराने करने के बाद फंस गया और बिजली का खंभा गाड़ी के ऊपर गिर गया। इसी दौरान ग्राम सेमलिया के शैलेश साहू, समीर साहू, विराट साहू और अरविंद और गाली गलौज कर प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान बीच बचाव करने आए हेमंत साहू के साथ भी गाली गलौच कर मारपीट की गई। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### बाइक चोरी

**महासमुंद**। ग्राम देवसराल में खेत के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी डमरूलाल सहिस ने सांकरा पुलिस को बताया कि 20 अप्रैलकी सुबह करीब 10 बजे वह अपनी बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8001 से प्रमोद निषाद एवं खिलेश सहिस के साथ खेत गया था। मोटर सायकल को खेत के पास रोड में रखा। जब खेत से काम करके वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां पर नहीं थी।

## मांग : तुमगांव के लोग पहुंचे कलेक्टोरेट, तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# शासकीय और वन भूमि को आबादी घोषित करने की मांग कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वर्षो से शासकीय भूमि एवं बड़े झाड़ की भूमि में मकान बनाकर 40-50 साल से जीवन यापन कर रहे नगर पंचायत तुमगांव के नागरिकों को पीएम आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। बुधवार को नागरिकगण नगर पंचायत के अध्यक्ष बलराम कांत साहू की अगुवाई में कलेक्टोरेट पहुंचे जहां उन्होनें अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर को पत्र सौंपा और मांगों को पूरा करने की मांग की।

### नही मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ

तुमगांव के आमजनों के द्वारा विगत 40 व 50 वर्षो से शासकीय भूमि एवं बड़े झाड़ की भूमि पर कई वर्षो से घर बनाकर जीवन- यापन कर गुजारा किया जा रहा है। शासकीय भूमि एवं वन भूमि होने के कारण इन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए शासकीय भूमि एवं वन भूमि को आबादी घोषित कर निवासरत आम जनों को प्रधान मंत्री आवास का लाभ दिया जाए ।



### भूमाफिया सक्रिय

तुमगांव सीमा से लगे हुए भोरिंग चौक से लेकर एनएच चौक सीमाक्षेत्र बेंद्रीडीह एवं कौंवाझर में भू-माफियाओ के द्वारा शासकीय भूमि पर बेहताशा कब्जा करते हुए अतिक्रमण कर गुमटी, ठेला, टिन शेड स्थापित किया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती है।

अतिक्रमण रोकने पर उक्त भूमि तुमगांव सीमा में नहीं होने के कारण अतिक्रमणकारियों के द्वारा विवाद किया जाता है। इसलिए तुमगांव सीमा क्षेत्र भोरिंग चौक से लेकर एनएच तक लगे बेंद्रीडीह सीमाक्षेत्र एवं कौंवाझर सीमा क्षेत्र को नगर पंचायत तुमगांव में सम्मिलित किया जाए। इस दौरान पड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बिजली संकट भी बनी परेशानी का सबब

नगर पंचायत तुमगांव क्षेत्र में बिजली बार-बार बंद कर दिया जाता है जिससे इस गर्मी के मौसम में काफी अधिक परेशानी हो रही है। विद्युत विभाग द्वारा कभी भी दिन हो या रात बिजली आपूर्ति कई घंटों के लिए बंद किया जाता है, जिससे पानी आपूर्ति की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके चलते सभी नगर वासियों को परेशानी हो रही है विद्युत की आंख मिचौली से इस मौसम में बच्चे, बूढ़े एवं मरीजों को भी काफी समस्या हो रही है जिसे जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए।

### तुमगांव के ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसी ही समस्याए: बलरामकांत

नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने हरिभूमि को बताया कि तुमगांव क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीण भी इसी तरह की परेशानी से जूझ रहे हैं। प्रशासन द्वारा इस ओर सकारात्मक पहल किए जाने से ग्रामीणों को पीएम आवास योजना का लाभ मिलेगा।

## बसना से निकाली पदयात्रा एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय बजरंग दल ने विभिन्न मांगों को लेकर बसना से पदयात्रा व दंडवत यात्रा निकाली। महासमुंद कलेक्टर व एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत बरोंडाबाजार गौधन बाजार को तत्काल बंद करने की मांग की गई। गोवंश की तस्करी पर रोक लगाने गुहार लगाई गई।

जिला अध्यक्ष मोहन सोनवानी ने बताया कि बसना नगर से पिथौरा, बागबाहरा, खल्लारी होते हुए जिला मुख्यालय महासमुंद तक पदयात्रा और दंडवत यात्रा कर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। पदयात्रा व दंडवत यात्रा 4 दिनों तक चली। पदयात्रा व दंडवत यात्रा में ओमेश बिसेन, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल महासमुंद मोहन सोनवानी, रितेश साहू, प्रकाश साव, आकाश बंजारा, ओम प्रकाश घोसले, कृष्णा दास पदयात्रा में शामिल रहे। यात्रा को सफल बनाने पिथौरा से सौरभ अग्रवाल, तेंदुकोना से गणेश अग्रवाल बागबाहरा से नितेश पांडे, महासमुंद ईवन साहू ने सहयोग प्रदान किया।

## समाधान शिविर से पहले मांगे पूरी करें, अन्यथा होगा विरोध

**पिथौरा**। बारनवापारा वनांचल के 11 पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर क्षेत्र की चार प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सरपंच, उपसरपंच, पंच, जनपद सदस्य, जिला सदस्य एवं ग्राम प्रमुख प्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर से पूर्व इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी शिविर का विरोध करते हुए उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में चार सूत्रीय मांगें स्पष्ट रूप से रखी गई हैं, जिनमें शामिल हैंः स्थायी विद्युतीकरण – बारनवापारा क्षेत्र के सभी गांवों में स्थायी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, सड़क निर्माण – क्षेत्र की कच्ची सड़कों को पक्की कर यातायात की स्थिति सुधारी जाए, तेंदूपत्ता संग्रहण–तेंदूपत्ता संग्रहण की व्यवस्था सुनियोजित एवं व्यवस्थित रूप से की जाए, वन अधिकार पत्र वितरण – सामुदायिक वन अधिकार पत्रों का शीघ्र वितरण किया जाए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि लंबे समय से इन समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। समाधान शिविर महज औपचारिकता न रह जाए, इसके लिए इन मांगों पर ठोस कार्रवाई जरूरी है। जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि वे अब गांव-गांव बैठक कर ग्रामीणों को इस ज्ञापन और प्रशासन की प्रतिक्रिया से अवगत कराएंगे, ताकि जनजागरुकता और एकता के साथ आंदोलन को बल मिल सके। इस दौरान रामचरण यादव, गोलू ठाकुर, पुरुषोत्तम प्रधान, अनिरुद्ध दीवान, अमरध्वज यादव, खेमराज ठाकुर, लक्ष्मीनारायण, तेजराम ठाकुर, माधव प्रसाद तिवारी, संजीव कुमार, संतोष कुमार, बाबूलाल, कन्हैया भोई, अंजोर सिंह, प्रवीण, नाथूराम, पंचराम, अवन टंडन, भीखम ठाकुर, बृज कुमार, डिग्री प्रधान, श्यामानंद भोई, भुनेश्वर ठाकुर एवं संतोष मांझी आदि शामिल है।



## हिंसा और हत्या में शामिल आतंकियों को मिले कड़ी सजाः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर आतंकियों द्वारा किये गए हमले में 28 नागरिकों की निर्मम हत्या को कायराना हरकत बताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस हमले में शामिल आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर आतंकियों का कांग्रेस भवन चौक में पुतला दहन किया।

भाजपा नेताओं ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा किये गए हमले को देश और धर्म विरोधी बताते हुए कहा कि जहां पर हमला हुआ, वहां पर प्रत्यक्षदर्शियों ने स्पष्ट कहा है कि आतंकवादियों ने सभी मृतकों से उनका धर्म पूछने के बाद उनकी हत्या की घटना को अंजाम दिया। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि वो हिन्दू धर्म विरोधी और एक समुदाय विशेष से जुड़े हुए आतंकी थे और उनका टारगेट अपने धर्म को छोड़कर हिंदू धर्म के लोगों को ही मारना था। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वो कम है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए इन आतंकियों को तत्काल सजा देना ही होगा।



### यह रहे इस दौरान मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुजाता विश्वनाथन, पूर्व पार्षद मीना वर्मा, आंनद साहू, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, जितेंद्र साहू , पार्षद पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, बादल मक्कड़, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, जितेंद्र साहू, उदय पाल भदौरिया, नईम खान, जितेंद्र चंद्राकर, रमेश साहू, मैना कोसले, विक्की गुरुदत्ता, अमित साहू, सोनाधर सोनवानी, मकसूदन सोनी, गोपी कन्नौजे, कादर राजपूत, कुशाल साहू, गोलू मदनकार, समीर करकसे, चंद्रबदन मिश्रा, जितेंद्र टांडेकर सहित भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला न्यायाधीश ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

# नेशनल लोक अदालत 10 को, तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई 2025, शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव आफरीन बानो ने विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के तैयारियों के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में प्री.लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैंठक ली गई।




नेशनल लोक अदालत के संबंध में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद, महिला एवं बाल विकास विभाग, सिंचाई विभाग, जिला परिवहन, आबकारी, बिजली, नगर पालिका एवं जिला पंचायत महासमुंद के मनरेगा शाखा प्रभारी सहित महासमुंद आरक्षी केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किए गए प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण संबंधी जानकारी ली गई तथा वर्तमान में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों की समीक्षा की गई। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए जिले के समस्त न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों कों निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत को सफल एवं लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा की।

## बारनवापारा में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर महापंचायत, सरकार को दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बारनवापारा क्षेत्र में रविवार को स्थानीय समस्याओं को लेकर एक महापंचायत आयोजित की गई, जिसमें वनांचल के 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, जिला सदस्य एवं ग्राम प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक में बिजली, सड़क, तेंदूपत्ता संग्रहण और सामुदायिक वन अधिकार पत्र जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई।

महापंचायत में लिए गए सर्वसम्मत निर्णय के अनुसार यदि शासन द्वारा आगामी 22 अप्रैल तक समस्याओं का समाधान और इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 11 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले लगभग 30 से 32 ग्राम सुशासन तिहार का बहिष्कार किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से कलेक्टर और संबंधित विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि शासन के कई आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, ऐसे में अब पूरा वनांचल एकजुट होकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहा है। उनका कहना है कि जब तक क्षेत्रीय मांगों को प्राथमिकता नहीं दी जाती, तब तक वे केवल 'कार्यक्रमों का उत्सव' नहीं मनाएंगे। इस महापंचायत में रामचरण यादव, बेदराम बरिहा, गोलू ठाकुर, अमरध्वज यादव, अनिरुद्ध दीवान, पुरुषोत्तम प्रधान, माधव प्रसाद तिवारी, भूपेंद्र बारिक, संजीव कुमार, संतोष ठाकुर, अवन टंडन, कुमार जगत, हेमू दीवान, भीखम ठाकुर, गोवर्धन ओंटी, परमेश्वर जगत, बृज कुमार, डिग्री प्रधान, उमाशंकर, प्रवीण कुमार, सुंदर, पंचराम, खेमराज ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



# सुशासन तिहार में समाधान शिविर 5 से 21 मई तक, सीएम अचानक कहीं भी पहुंचेंगे शिविर में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण 5 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेगा। खास बात ये है कि इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय किसी भी जिले में आयोजित समाधान शिविर में अचानक पहुंचेंगे। वे वहां मांगों और शिकायतों की समीक्षा कर जायजा लेंगे। श्री साय प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। राज्य शासन से लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक इस अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## सरकार का दावा- एक माह में किया जाएगा निपटारा

### हर जिले की 8 से 15 पंचायतों के बीच समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी।



### शिविरों में आमजनों से होगा संवाद

समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे, और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### लाखों आवेदन और शिकायतें आई हैं सामने

जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए जाने का सिलसिला जारी है। आम जनता से 11 अप्रैल तक लिए गए हैं। इस अभियान के तहत अब तक राज्य में कुल मिलाकर 46 लाख से अधिक आवेदन और शिकायतें सामने आई हैं। बताया गया है कि इनमें आवेदनों की संख्या सबसे अधिक है। उसके मुकाबले शिकायतें काफी कम हैं। ये आवेदन और शिकायतें ऑनलाइन माध्यम से, शिविरों के माध्यम से और शिकायत पेटियों में आए हैं।

### एक माह में होगा आवेदनों का निपटारा

सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने महापौर से की मुलाकात

रायपुर। महापौर मीनल चौबे से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय ऐडे सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर महापौर को 6 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। इसमें नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निगम के माध्यम से सीधे वेतन भुगतान कराने की मांग की गयी। प्रमुख मांगें इस तरह -प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम रायपुर से सीधे वेतन का भुगतान हो। प्रत्येक माह के 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाये। सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों का पहचान पत्र कार्ड बनाया जाये। कलेक्टर दर से कम वेतन का भुगतान न किया जाये, वेतन कर्मचारी के बैंक खाते में ही किया जाये। प्लसेमेंट कर्मचारियों से कार्यालयिन समय अवधि में ही कार्य लिया जाये। प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए शासन से स्वीकृत सेटअप अनुसार ही कर्मचारी रखा जाये। पदाधिकारियों से चर्चा के बाद महापौर मीनल चौबे ने संघ की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकारात्मक पहल करने आश्वस्त किया।

### भाजपा की आज विचार गोष्ठी पूर्व मंत्री निशीथ मुख्य वक्ता

**रायपुर।** भाजपा ने राजधानी के अटलबिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं युवा मामले व खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया, कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा व इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा भी अपने विचार रखेंगे।

### जिला शिक्षा अधिकारी खंडेलवाल से की मुलाकात



**रायपुर।** ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को निरस्त करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल से मंगलवार को मुलाकात की। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक घोषित आदेश है, ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर अर्जित अवकाश की पात्रता होती है, जिससे शासन के ऊपर आर्थिक भार पड़ता है, भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल अपने द्वारा जारी आदेश को निरस्त किया।

### सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में पूर्ण करें

# एआई और नवीन तकनीक के उपयोग से खराब सड़कों का करें चिन्हांकन व मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।



### बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करें

श्री साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

### पांच-छह महीनों में होंगे ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार कार्य

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुघर्टनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

### तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ के सड़क विकास के कार्यों पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रुपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट, डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिले बीज निगम अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने बुधवार को भाजपा के सबसे पुराने सदस्यों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना, इस दौरान उन्होनें वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया। चंद्राकर ने कहा कि पार्टी के संघर्ष के दौरान इन कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन का अमूल्य समय पार्टी को खड़ा करने में दिया है। वर्तमान में भाजपा पार्टी विश्व की सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। यह इन्ही वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मेहनत व संघर्ष का परिणाम है और भाजपा की सरकार देश के अधिकतम राज्यों तथा केंद्र में भी बन गई है। इन कार्यकर्ताओं के बनाए सिद्धांतों पर चलकर आज पार्टी का हर कार्यकर्ता देश सेवा के लिए तत्पर रहते है। चंद्राकर ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ए. स्वामी डोरा वार्ड नंबर 9 रेलवे कॉलोनी निवासी जो पहले भाजपा की ओर से महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। गुरुद्वारा पारा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सुरजीत सिंह चावला, वरिष्ठ भाजपा नेता स्व हरिराम सोनवानी की पत्नी उर्मिला सोनवानी व उनके तीन बेटियों से मुलाकात की। इस दौरान चंद्राकर ने कहा कि पार्टी आपके सुख-दुख में सदैव आपके साथ है। ज्ञात हो कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कुशलक्षेम जानने की पहल चंद्राकर ने की है। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता माधव राव टांकसाले, पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, युवा मोर्चा महासमुंद अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री उपस्थित रहे।

# रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और भिलाई-दुर्ग की सड़कों पर 240 ई-बस जल्द उतरेंगी

तैयारियां तेज




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर 240 ई-बस उतारने की तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत राज्य में ये ई-बसें संचालित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की पहल पर शहरी आवागमन को बेहतर बनाने ई-बस सेवा के प्रभावी संचालन के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं सूडा के अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। श्री साव ने ई-बस सेवा को प्रभावी रूप से लागू कर जल्द ही नागरिकों को प्रदूषणरहित बस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसे धरातल पर उतारने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञों और अधिकारियों ने नया रायपुर स्थित विश्राम भवन में विभिन्न सत्रों में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के अधिकारियों को ई-बस सेवा के बेहतर संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं।

### इस शहर में चलेंगी इतनी बसें

राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना नगरीय यातायात में मील का पत्थर साबित होगी। इससे लोगों को सस्ती और प्रदूषणरहित यात्रा सुलभ होगी। आज के इस प्रशिक्षण में ई-बस सेवा के संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 240 ई-बसें मुहैया कराई जा रही हैं। इनमें रायपुर के लिए 100, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें शामिल हैं। चारों शहरों में बस डिपो, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। रायपुर को 27 करोड़ 23 लाख रुपए, दुर्ग-भिलाई को 17 करोड़ 75 लाख रुपए, बिलासपुर को 11 करोड़ 45 लाख रुपए तथा कोरबा को 10 करोड़ 97 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### कांग्रेस चलाएगी 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान

# प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी संविधान बचाओ रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय किया गया कि 25 अप्रैल को दुर्ग जिले में संविधान बचाओ रैली के साथ प्रदेश के सभी जिलों में 3 से 10 मई तक संविधान बचाओ रैलियां निकाली जायेंगी। 11 से 17 मई तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकलेगी। 20 से 30 मई तक कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। श्री बैज ने कहा, संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम शामिल रहे।

### हम लड़ने के लिए एकजुट : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट हैं। हम इस देश के गरीबों के लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे। उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

### प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा, दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, विधायक एवं पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के सभी पदाधिकारी संविधान बचाओ अभियान में शामिल होंगे। यह अभियान प्रदेश के एक-एक नागरिक तक ले जाने की जवाबदारी कांग्रेस के हर नेता की है।

### हमारे डीएनए में ही है गलत के खिलाफ आवाज उठाना

# सुप्रिया ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप, कहा- देश में आधे सच और पूरे झूठ को जोर-शोर से फैलाने का चलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, देश में आधे सच और पूरे झूठ को जोर-शोर से फैलाने का चलन चल रहा है, इसलिए लगता है कि सच को समान ताकत और स्पष्टता के साथ बोला जाना चाहिए। मामले में देशभर में पत्रकार वार्ता करना बहुत जरूरी है। हम महात्मा गांधी की पार्टी हैं, इसलिए सत्य बोलते हैं। सच आखिरकार सामने आ ही जाता है। नेशनल हेराल्ड मामले में सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम कैसे जोड़ा, इसका खुलासा होना चाहिए। जब देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, उस समय नेशनल हेराल्ड और नवजीवन जैसे अखबार ने आजादी के महानायकों की कहानी, सच्चाई छापी थी। जिस तरह ब्रिटिश सरकार नेशनल हेराल्ड से चिढ़ती थी, वैसे ही पीएम मोदी भी चिढ़ते हैं। उस समय नेशनल हेराल्ड फाइनेंशियल क्राइसेस से गुजर रहा था, उस समय कांग्रेस ने उन्हें 90 करोड़ का कर्ज दिया था। यह पैसा आर्थिक सहयोग के लिए था।



### भाजपा झूठ बोल रही है

उन्होंने कहा, भाजपा कहती है कि कांग्रेस पार्टी लोन कैसे दे सकती है, इसे लेकर इलेक्शन कमीशन में भी मामला चला था, तब भाजपा का झूठ बेनकाब हो गया था। एजेएल के 700 से ज्यादा शेयर होल्डर थे, जैसे आम लोग शेयर होल्डर होते हैं। हमने भी यंग इंडियन के तौर पर 761वां शेयर होल्डर बनाया। कानून के मुताबिक यंग इंडिया के शेयर होल्डर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा रहे। यंग इंडिया कंपनी नॉट प्रॉफिटेबल कंपनी है। यह भाजपा का झूठ है कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी पैसा बना रहे हैं, जबकि ऐसा होना संभव नहीं है। भाजपा ने झूठ बोला कि एजेएल के पास 5 हजार करोड़ की संपत्ति है, जबकि इंकम टैक्स ने यह क्लीयर किया था कि एजेएल की 359 करोड़ की सम्पत्ति है। 2012 के बाद भाजपा ने मनी लॉनड्रिंग के केस लगाए, जबकि कोई भी मनी लॉनड्रिंग है ही नही।


### नेशनल हेराल्ड मामले की चार्ज शीट सिर्फ प्रोपोगंडा

2020 तक सुब्रमण्यम स्वामी ने केस लड़ा, लेकिन जब हमारे वकील ने सुब्रमण्यम स्वामी से सवाल किए, तो उन्होंने हाईकोर्ट से केस विड्रॉ कर लिया था। हम इस पूरे केस से कोर्ट में निपट लेंगे, लेकिन सरकार ने किस तरह से बदले की भावना से केस किया है, इससे पूरी दुनिया में उसकी कलई खुल गई है। भाजपा सिर्फ विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस तरह का षड्यंत्र कर रही है। यह सब इसलिए हो रहा है कि कांग्रेस उनसे लड़ न सके। भाजपा के हर झूठ की कलई खुली है।

# राहुल की आवाज से भाजपा नहीं कांग्रेसी ही डरते हैं : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत अपनी केंद्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बचाने के लिए जो तथ्य रखने का प्रयत्न कर रही हैं, उन्हें मालूम होना चाहिए कि यह तथ्य अगर वह कोर्ट में प्रस्तुत कर उसे सहमत कर ले, तो ही लाभ होगा, हां उनके पक्ष में बोलकर वे स्वयं स्वामी भक्ति का लाभ जरूर अर्जित कर ले रही हैं। उनको यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए, राहुल गांधी की आवाज से बीजेपी मोदी सरकार नहीं, बल्कि कांग्रेसी ही डरे रहते हैं। श्री श्रीवास्तव ने पूछा, सुप्रिया जी ने कहा, ईडी के जितने मामले हैं वह विपक्ष के खिलाफ ही दर्ज हुए हैं। तो ईडी की स्थापना 1956 में हुई थी और लंबे समय तक कांग्रेस शासन में रही, तो क्या ये उनकी स्वीकृति है कि कांग्रेस विपक्ष को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करती थी। श्री श्रीवास्तव ने कहा,



कांग्रेस का संवैधानिक संस्थाओं पर ना भरोसा है, ना सम्मान है, पूरा मामला न्यायालय के अधीन है, लेकिन न्यायालय के विषय में बात करते हुए भी उन्होंने भाषा की मर्यादा लांघ दी और कहा कि कोर्ट में तो हम निपट ही लेंगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, घोटाले को देशभक्ति का दर्जा देने की कोशिश करते हुए सुप्रिया श्रीनेत यह कहती हैं कि यह राहुल गांधी की आवाज दबाने के लिए उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर रहे हैं। सुप्रिया जी बताएं कि इस राहुल गांधी के नेतृत्व में आज कांग्रेस पूरे देश में जिस स्थिति में है और राज्यों के चुनाव लड़ने के लिए भी उन्हें क्षेत्रीय दलों से मिन्नत करनी पड़ती है।

## खबर संक्षेप

### सच्चे मन से स्मरण करने से मिलते हैं राम : आचार्य नरेंद्र नयन

**महासमुंद।** स्थानीय बीटीआई रोड स्थित खैरा बाड़ा में चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का 22 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा वाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलयारी धाम वाले के श्रीमुख से 23 अप्रैल को कथा के प्रथम दिवस सुकदेव जन्म कथा का वाचन हुआ। श्री शास्त्री ने भागवत प्रेमियों को कथा श्रवण कराते हुए अमृत कथा के बारे में बताया। उन्होंने श्रीराम कथा को ही अमृत कथा बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय से भगवान श्रीराम का नाम जपने से राम मिल जाता है। उन्होंने गृहस्थ जीवन का व्याख्या कर कहा कि विवाहित माताओं को कभी किसी के सामने दंडवत नहीं होनी चाहिए। संतो के सामने दंडवत होने के अपेक्षा केवल उनके दर्शन मात्र से ही कल्याण हो जाता है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि महासमुंद की पुण्य भूमि पर उषा कमलनारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित कथा अमृत का पुण्य लाभ आज पूरे महासमुंद को मिल रहा है। उन्होंने सुकदेव जन्म कथा की व्याख्या करते हुए माता पार्वती तथा भगवान शिव के बीच हुए संवाद को बताया। उन्होंने बताया कि माता की जिद पर भोलेनाथ ने उन्हें अमृत रूपी श्रीराम कथा सुनाया था। कथा के बीच में ही माता को नींद आ जाती है, और तोते के अंडे पर कथा के प्रभाव से प्राण आ जाता है, तथा उसी तोते के बच्चे ने कथा का श्रवण कर अमरत्व को प्राप्त कर लेता है। आज कथा श्रवण करने बड़ी संख्या ने भक्त गण उपस्थित थे।



### कर्णेश्वर धाम सिहावा में 25 को मनेगी सेन जयंती

**नगरी।** सेन समाज के अराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 वीं जयंती 25 अप्रैल शुक्रवार को कर्णेश्वर धाम परिसर देऊरपारा सिहावा में मनाई जायेगी। सेन समाज के अध्यक्ष प्रकाश सेन एवं सचिव देवेन्द्र सेन ने बताया कि कर्णेश्वरधाम परिसर स्थित सेन समाज के ईष्टदेव भगवान विष्णु एवं सेन महाराज के मंदिर में सुबह 8 बजे से पूजा-अर्चना कर सेन जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। उसके बाद सेन महाराज की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विचार संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। दिन सर्व सेन समाज का वार्षिक सम्मेलन भी होगा। इस दिन तहसील नगरी एवं बेलरगांव के सभी सेलून एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान सहित गांव गंवई का कार्य बंद रहेगा।

## शहरी बजट : सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्तावों पर बनी सहमति, नगर में होंगे करोड़ों के विकास कार्य

# महासमुंद के विकास को रफ्तार देने नपाध्यक्ष ने पेश किया बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद की प्रथम बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 का अनुमानित बजट आज पेश किया गया। नए वित्त वर्ष में 22 नए कार्यों के लिए 14423.74 लाख रुपए का व्यय प्रस्तावित किया गया है। यह राशि नगर पालिका निधि और शासकीय अनुदान से जुटाई जाएगी। प्रथम बैठक प्रस्तावित बजट को सभी ने नगर विकास की बजट बताते हुए बजट का स्वागत किया।

परिषद की बैठक बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे शुरू हुई। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और समस्त सभापतियों, समस्त पार्षदों की उपस्थिति में सर्वप्रथम नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अपील पर परिषद की बैठक शुरू करने के पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए बेकसूरों को 2 मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान श्री साहू ने आतंकवादियों के कायराना हरकत की कड़ी निंदा की। सभी ने राष्ट्रगान गाकर बैठक का शुभारंभ किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने नगर विकास की संकल्प लेकर सभी को साथ लेकर कार्य करने की बात कही।

**ये रहे उपस्थित**–बैठक में अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नानू भाई, विजय साव, सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, ओमीन कागजी, कल्पना सूर्यवंशी, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, माधुरी धनीराम यदु, बड़े मुन्ना देवार, चन्द्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, पवन पटेल, भाउराम साहू, पीयूष अमृत साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे सहित समस्त विभागीय अधिकारी – कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रमुख एजेंडों पर चर्चा

सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य पेंशन योजना हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता के प्राप्त नवीन आवेदनों पर विचार कर निर्णय। निकाय द्वारा वित्त वर्ष 2021 में किए गए शेष दुकानों की नीलामी कार्रवाई, जिसका दर अनुमोदन हेतु जिला कार्यालय को प्रेषित किए किए गए नस्ती स्वीकृति के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु संपत्तिकर निर्धारण के लिए तैयार किए गए दर अनुमोदन के संबंध में चर्चा। जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने प्राप्त आवेदनों के संबंध में प्रस्ताव बनाने चर्चा। वर्ष 2025–26 का अनुमानित आय–व्यय (बजट) के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव पाजीरित की गई।



### बजट में इन कार्यों का जिक्र

पिटियाझर से मौहारी भाटा तक मृत नहर नाली में लिंक रोड निर्माण कार्य, खसरा नं. 1970 रकबा 0.8200 हे. लभरा खुर्द में नवीन बस स्टैंड निर्माण कार्य, वार्ड 18 में दर्री तालाब का जीर्णोद्धा एवं सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड15 एवं 16 के मध्य शीतला तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य, नवीन नगर पालिका भवन हेतु खसरा के 1646 में रकबा 0.405 हे. में सर्व सुविधायुक्त निर्माण कार्य, नगर में तीन स्थानों में अनुपारित जल शुद्धिकरण संयंत्र एस.टी.पी. निर्माण कार्य, अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत कोडार डेम से नगर सीमा में नवीन फिल्टर प्लांट स्थापना कार्य, श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति नगर वर्तमान नवीकरण एवं मरम्मत कार्य, भलेसर रोड महासमुंद स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन व जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य, वार्ड 02 इमली भाठा महासमुंद स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन व जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य, दलदली रोड स्थित महासमुंद स्थित मुक्तिधाम का उन्नयन व जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य, पिटियाझर पानी टंकी से नयापारा मुक्तिधाम तक बी.टी. रोड चौडीकरण कार्य, शास्त्री चौक से जयहिंद कॉलेज नगर सीमा तक बी.टी. रोड चौड़ीकरण कार्य, लोहिया चौक से पिटियाडार होते हुये मगर माडा नगर सीमा तक बी.टी. रोड चौड़ीकरण कार्य, नगर पालिका सीमा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में जर्जर व पुराने बीटी रोड का गरम्मत कार्य, नगर के पानी निकासी हेतु विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाला निर्माण कार्य, जिला अस्पताल खरोरा से सितली नाला तक रोड के दोनों साईड आर.सी.सी नाला निर्माण कार्य, अंबेडकर चौंक से मधुलिका लाज होते हुये लोहानी बिल्डिंग के सामने आंगनबाड़ी होते हुए नहर तक आरसीसी, शहर सीमा के मुख्य मार्गों व गलियों में पोल सहित प्रकाश व्यवस्था स्थापना कार्य, कांग्रेस भवन के बाजू में पुराने पानी टंकी के पास व्यावसायिक कॉप्लेक्स निर्माण कार्य, संजय कानन के सामने व्यावसायिक काम्लेक्स निर्माण कार्य, डॉ भीमराव अम्बेक्डर सामुदायिक भवन के सामने व्यावसायिक कॉप्लेक्स निर्माण कार्य, एस.बी.एम. 2.0 योजना अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु गीला कचरा एवं सूखा कचरा संग्रहण कार्य, बेलसोण्डा स्थित फिल्टर प्लांट एवं इंटकवेल का सुदृड़ीकरण कार्य, तुमाडबरी डबरी एसएलआरएम/ कंपोस्ट सेंटर / एफएसटीपी/ गौठान परिसर की भूमि पर अहाता निर्माण, नगर के चार स्थानों में ईडब्ल्यूएस के पालिका अधीन भूमि का आहाता निर्माण कार्य, नगर के विभिन्न कच्चा मार्गों का उन्नयन कार्य, मल्टी जीम फाटक / महिला व्यायाम शाला का नवीनीकरण / साजो-सज्जा के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री क्रय, नालंदा परिसर का निर्माण कार्य, संजय कानन उद्यान का उन्नयन व सौंदर्यीकरण कार्य एवं नगर पालिका महासमुंद क्षेत्रांतर्गत एचपीसीएल द्वारा वय के निवेश से महासमुंद नगर में एकत्रित होने वाले ठोस अपशिष्ट एमएसडब्ल्यू हेतू कंम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापना कार्य।

## नगर पालिका की बजट में राज्य व केंद्र सरकार की महती योजना को किया दरकिनार

**महासमंद।** नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष द्वारा 2025-26 के लिए पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण पवन पटेल, हरबंश सिंग ढिल्लो, शुभ्रा शर्मा, भारती चंद्राकर, सुनैना ठाकुर, सीता डोण्डेकर, जरीना कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यदु, जसप्रीत प्रीति मक्कड़, निश्चय चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भाउराम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी एवं विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी ने संयुक्त रूप से नीरस, कपोल, कल्पित एवं गरीब जनता विरोधी बताया। उक्त बजट में केंद्र एवं राज्य सरकार की महती योजना प्रधान मंत्री आवास योजना को पूरी तरह गायब कर दिया गया है। जबकि नपा में आवेदन आ चुके है। स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजा जाना है। मई माह के लगभग 700 लाख रुपए नगर पालिका को गरीबों के आवास निर्माण के लिये प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत राज्य सरकार से मिलना है, जिससे शहर में गरीबों का आवास बनाया जाएगा, जिसे बजट में नहीं जोड़ा गया। इसी तरह डव्ल्यूईएस योजना के तहत नगर पालिका के पास 4 जगहों में लगभग चार एकड़ जमीन है उस पर मल्टी स्टोरी मकान बनाकर गरीबों को दिये जाने का प्रावधान किया जाना था, उसे भी नहीं शामिल नही किया गया। जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जल को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण संबंधी कोई प्रवधान बजट में नहीं है। बहुत सी पुरानी योजनाएं जो लंबे समय से लंबित है उसे ही इसमें जोड़ा गया हैं। परिषद की बैठक में एजेंडा लाया गया कि संपत्ति कर बढ़ाने का जिसका सभी ने विरोध कर वापस किया गया। पुराने दर पर ही संपत्ति व समेकित कर लिया जाए। शहर की जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाए। अगर नये दर से समेकित कर लगता है तो व्यवसायिक परिसर की संपत्ति में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हो रही थी।



## प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रही मनमानी डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भारत सरकार कई शानदार योजनाओं का संचालन कर रही है। जमापूंजी ईलाज और आपरेशन में खर्च न हो इसके लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भारत सरकार देश के गरीब लोगों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा प्रदान कर रही है। लेकिन, प्राइवेट हॉस्पिटल अपनी मनमानी करते हुए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, इलाज करने से सीधे मना कर रहे हैं। मुख्यालय के अकाल पुरख प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट अमेरिका निषाद के परिजन ने बताया कि बड़े ऑपरेशन में लड़की का जन्म हुआ, आज डिस्चार्ज कराने गया तो हॉस्पिटल वालों ने कहा कि हमारे यहां कोई राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं चलता, कैश 45000 रुपए जमा करो तभी डिस्चार्ज किया जाएगा। उक्त समस्या को भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू को बताई जिसपर साहू ने डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

## 51 योग शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन के तत्वावधान में योग शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन एवं योग शिक्षकों के लिए विशेष यज्ञ प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें इस दौरान जिलेभर से 51 योग शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुपनारायण सिन्हा योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में किशोर सिन्हा विशेष अतिथि व कार्यक्रम की अध्यक्षता सनातन योग वेलनेस के प्रदेश अध्यक्ष आर्य प्रकाश चंद्राकर ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साधकों को योग यज्ञ का प्रशिक्षण देकर आत्म कल्याण एवं राष्ट्र कल्याण की भावनाओं के साथ सेवा मार्ग पर प्रेरित करना है।



उक्त धार्मिक यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन के तत्वावधान में समस्त सनातन परिवार बागबाहरा खंड द्वारा आयोजित किया हो रहा हैं, जो कि खल्लारी के पावन धरा धाम ग्राम खल्लारी के माता राऊर प्रांगण में खंड स्तरीय 51 कुंडीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन खंड बागबाहरा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ है। जहां 51 कुंडीय वैदिक महायज्ञ व पुजा अर्चना के आयोजन में बडी संख्या में क्षेत्रवासी व ग्रामीणजन उपस्थिति हुए।

मंगलवार 22 अप्रैल को भव्य जल कलश यात्रा व शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ से हवन पूजन का यह धार्मिक आयोजन खल्लारी स्थित माता राऊर प्रांगण में 23 और 24 अप्रैल 2025 तक विशेष रूप से आयोजित है। जिसमें बागबाहरा खंड के सभी सनातनी यज्ञ आहुति के लिए आमंत्रित हैं। 23 अप्रैल को यज्ञ का आयोजन प्रातः काल 9 बजे शुरू हुआ। जो दोपहर तक चला। तत्पश्चात भोजन प्रसाद भंडारा 12 से 1 बजे तक रहा। वहीं संध्या काल 5 बजे स्वस्थ उपदेश गीता प्रवचन के साथ 6 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा एवं श्री रामजी की विशेष आरती पूजन का आयोजन किया गया।

सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष आर्य प्रकाश चंद्राकर ने बताया कि यज्ञ का आयोजन सनातन चेतना आध्यात्मिक कल्याण राष्ट्र कल्याण के लिए किया जा रहा हैं।

यज्ञ के कई आध्यात्मिक लाभ व वैज्ञानिक लाभ भी हैं। पर्यावरण सुरक्षा में भी इसका विशेष प्रभाव रहेगा।

प्राचीन सभ्यताओं एवं मान्यताओं के अनुसार यज्ञ से अच्छी बारिश किसानों के अत्यधिक अन्न उत्पादन होने के साथ फसलों में रोगों से बचाव होते हैं। साथ ही यज्ञ में बैठने से यज्ञ में डाली जाने वाली वन की सैकड़ों जड़ी बूटियों की आहुति से मनुष्य के शरीर को भी विभिन्न लाभ होते हैं।

आजकल यज्ञ चिकित्सा थैरेपी भी इसी लाभ के कारण प्रचलित हो रही हैं। यज्ञ कार्यक्रम में प्रातः योग शिक्षा आयुर्वेद चिकित्सा का भी प्रशिक्षण रखा गया। यज्ञ कार्यक्रम में इंदौर से योग यज्ञचार्य आचार्य विश्वामित्र एवं कवर्धा भोरमदेव से यज्ञचार्य प्राकृतिक चिकित्सक एवं योग गुरु आचार्य लेखराम का आगमन भी है। आयोजन का समापन गुरुवार 24 अप्रैल को होगा।

## अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा का महासमुंद जिले में हुआ प्रवेश



**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष (2026) एवं अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष के पावन उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवर्ष में अखंड ज्योति तीर्थ यात्रा निकाली जा रही है। यह रथ यात्रा 23 अप्रैल महासमुंद जिले में प्रवेश किया। यह यात्रा आने वाले एक महीने तक जिले के सभी विकासखंडों के लगभग 600 ग्रामों का भ्रमण करेगी। इस दौरान सत्संग, दीपयज्ञ, विचार गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विचार क्रांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

अखंड दीपक वह दिव्य ज्योति है, जिसे गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपने 24 वर्षों की तपस्या एवं महापुरश्चरण के दौरान प्रज्वलित किया था। यह दीपक उनकी तप-साधना, त्याग और संकल्प का प्रतीक है। इस दिव्य ज्योति के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा और पुण्य लाभ की अनुभूति होती है। यह दीपक आज भी अखंड रूप से जल रहा है और करोड़ों लोगों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

महासमुंद नगर में प्रातः 8:30 से 10:00 बजे – शिवानंद कॉलोनी (शिव मंदिर के पास), 10 से 11 बजे गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद, 11 से 12 बजे – शारदा मंदिर, इमलीभाठा, तुमगांव रोड, दोपहर 1 से 2 बजे – खरोरा, 2 से 3 बजे – श्रीराम मंदिर, गांधी चौक सायं 3:00 बजे से आगे – गायत्री शक्तिपीठ खैरा हुआ। जहां गायत्री परिजनों ने स्वागत किया। ज्योति कलश यात्रा के प्रथम दिवस 23 4 2025 जो ग्राम मचेवा से शुरू होकर शिवानंद कॉलोनी गायत्री शक्तिपीठ बरोड़ा चौक शारदा मंदिर तुमगांव रोड राम मंदिर के होते हुए ग्राम लाभराखुर्द खैरा होते हुए ग्राम मोरधा एवं रात्रि में दीप यज्ञ ग्राम खट्टी में हुआ। इस कार्यक्रम में विश्राम, कौशल, शिवम, प्रीत राम, धनीराम, भूखन संतू लाल, रामचरण, एलके मिश्रा, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन पारस चौहान, गजानन चंद्राकर, ओम प्रकाश, अनिल एवं महिला मंडल पूर्णिमा लक्ष्मी, दुलारी, नीतू, रामप्यारी, निशा एवं नीलम दीदी का विशेष सहयोग रहा।

## ओलावृष्टि और तूफान से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि रविवार 18 अप्रैल को आए तूफान वो ओलावृष्टि से बागबाहरा तहसील की ग्राम पंचायत कोमा व उसके आसपास के खार के खेत और उसमें उगे अर्ली वेराइटी के धान की फसल को 75 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान हुआ है। साथ ही ग्राम के सब्जी उत्पादकों, घर की छतों, गौ पालने के लिए बनाए शेड, मुर्गी फार्म के शेड, शौचालय के शेड का भारी नुकसान हुआ है। साथ ही साथ बड़े-बड़े पेड़ गिरने से घरों का, छतों का भारी नुकसान हुआ है।



आज अंकित ने कई किसानों के साथ मिलकर घरों का, दुकानों का, खेतों का, धान की फसल का सब्जी को फसलों के नुकसान का मुआयना किया और पाया कि खेत में लगभग 75 किसानों का 200 एकड़ फसल खराब हुई है, जिन किसानों के खेत का अंकित ने निरीक्षण किया। उसमें फूलसिंह सिंह, राधेश्याम चंद्राकर, रोहित निषाद, श्यामलाल साहू, चयन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, भुवन यादव, कांतु धृतलहरे, भोला चौहान,भोला विश्वकर्मा, देवाराम यादव, इंदल विश्वकर्मा, शिवकुमार निषाद, माणिक ध्रुव, ईश्वर यादव, राजू कुर्रे, राम साहू, नारद ध्रुव, सनउ यादव, डेरहा ध्रुव, ईश्वर विश्वकर्मा, लेखनी चंद्राकर, रिखी राम चंद्राकर, रूप नारायण निषाद, लक्ष्मण दीवान, रामलाल दीवान आदि के खेतों का स्वयं निरीक्षण किया। इसी प्रकार मकान में लक्ष्मीनारायण पिता भकला गायकवाड़, राजू कुर्रे, धनीराम पिता परशुराम चौहान की दुकान का शेड में पेड़ की डाल गिर गई, इसी प्रकार अब्दुल कादिर के मुर्गी फार्म को ज्यादा नुकसान पहुंचा है, वहां पेड़ों से पूरा शेड धराशायी हो गया है। उक्त निरीक्षण कार्यक्रम में उपरोक्त किसानों वो ग्रामवासियों के अलावा कबीर साहू व इंद्रा चौहान भी मौजूद थे।

इसके तत्काल बाद अंकित बागबाहरा ने एसडीएम उमेश साहू से उक्त ग्राम के खेतों और प्रभावित संपत्तियों का परीक्षण व जांच करवा तत्काल मुआवजा देने की लिखित मांग की है।

### 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं कलश यात्रा

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के रामनगर पारा बालाजी मंदिर के पास ब्यासनारायण साहू के घर में 22 एवं 23 अप्रैल को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ संचालन गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद की प्रभात उपाध्याय, श्याम दुबे, नरेंद्र नायक, चुन्नी लाल साहू टोली ने किया। प्रथम दिवस मंगल कलश यात्रा में भाग लिए। सायंकालीन सत्संग में गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेश में उपाध्याय ने कहा कि यज्ञ ही संसार के श्रेष्ठतम कर्मों में से श्रेष्ठ है, जिससे पर्यावरण की शुद्ध एवं पुण्य फल की प्राप्ति होती है। गुरुदेव द्वारा रचित साहित्य में संसार की प्रत्येक समस्याओं का समाधान अतः प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन उनके साहित्य का स्वाध्याय करना चाहिए तथा जनजन तक साहित्य पढ़ाने का क्रम चलना चाहिए। इस कार्यक्रम में शत्रोहन साहू, टिकेश्वर साहू, युवराज साहू, भगत गुरुजी, मोहन साहू, धनी राम साहू, सुकालू निषाद, राम टहल निषाद, रविकांत चंद्राकर, छन्नू लाल साहू ,प्रेम चंद्राकर, ईश्वर चंद्रवंशी, दुर्गा विश्वकर्मा, चमेली साहू, नीतू साहू, चित्ररेखा साहू, मुन्नी साहू, तेज कुमारी साहू, हेमबाई साहू,, पूर्णिमा साहू, नीलम साहू, झरना साहू, पिंकी सेठ, देवकुमारी दीवान तथा ग्राम वासियों का सहयोग रहा। यह उक्त जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी। है

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र महासमुंद
जिला के अंतर्गत
झलप, छिलपावन
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
स्वयं का वाहन, शिक्षा 12वीं से स्नातक
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सभापति बनीं सविता चंद्राकर



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि ग्राम खरोरा की सविता चंद्राकर को रायपुर जिला पंचायत की सभापति सहकारिता एवं उद्योग निर्वाचित किया गया। वे दूसरे बार जिला पंचायत सदस्य चुनी गई है। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज केंद्र महिला सदस्य भी है।

### अब इस बार आरपार की लड़ाई होनी चाहिएः आप



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि अब इस बार आरपार की लड़ाई होनी चाहिए। आतंकियों ने 28 पर्यटकों को सरेआम गोलियों से भून डाला है, यह बहुत दुखद घटना है और इसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए, दो दशक पहले एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक से भी पाकिस्तान असर नहीं हुआ है। इस बार उससे बड़ा स्ट्राइक सरकार को करना चाहिए। पूरा देश उनके साथ है। अभी कश्मीर वापस जन्नत हो गया था। लोग पर्यटक के लिए फिर कश्मीर की ओर भारी संख्या में आ रहे थे, लोगों का लगाव बढ़ गया था। यह एक बहुत बड़ा झटका है। इसे पर्यटक में डर का अभाव होगा और पहलगाम से बहुत सारे पर्यटक कश्मीर से अपनी यात्रा छोड़कर अपने घर वापसी लौट रहे हैं। ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा। धर्म पूछकर हमला करना यह पूरी पाकिस्तान की करतूत है।

### दोपहर बाद सड़कें सूनी, आग उगल रहा है सूरज

**नर्रा।** ग्रामीण अंचल में पिछले कुछ दिनों से सूरज आग उगल रहा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने से तापमान 43 के करीब पहुंच गया है। क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है, लोग व्याकुल है। 9 बजते ही तेज गर्मी लग रही है। तपिश के कारण लोग जल्द नहा धोकर घरों में दुबक रहे हैं। भीषण गर्मी की वजह से गांव के गली मोहल्ले में वीरानी है। तेज धूप भीषण गर्मी से लोग कूलर, एसी पंखे के सहारा तो ले रहे है लेकिन सीलिंग फैन काम तक नही कर रहे। तेज धूप के कारण निस्तारी तालाब का पानी भी गर्म होने लगा है। बताया जाता है कि मंगलवार को इतनी भीषण गर्मी में शाम होते ही 4 से 5 घंटे के लिए लाइट बंद हो गई। इस कारण क्षेत्र के उपभोक्ता बहुत ही परेशान रहे। लोग अपने घरों के छत के ऊपर टहलते नजर आए।

### कनेकेरा में तीन दिवसीय मानस गान आज से

**महासमुंद।** ग्राम कनेकेरा में कल 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य शोभाराम सिन्हा और खेमलाल साहू ने बताया कि रामचरित मानसगान के शुभारंभ अवसर पर आज 24 अप्रैल को शाम 4 बजे ग्राम भ्रमण करते हुए कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस प्रकार क्रमशः 25 अप्रैल को राधे बालिका मानस परिवार तमोरा, सरस्वती मानस परिवार जेजरा, सीताराम बालिका मानस परिवार भोथली, त्रिमूर्ति मानस परिवार बैहार, पारसमनी मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर अपनी प्रस्तुति देंगी।

# राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में रीना को मिला द्वितीय स्थान

## रीना को राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 31000 पुरस्कार राशि एवं गौमय कीट से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय छग शासन के पत्रानुसार छत्तीसगढ़ के सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर के निर्देशानुसार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संबद्ध महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के आदेशानुसार महाविद्यालय स्तर एवं जिला स्तर प्रतियोगिता सम्पन्न कराया गया। उक्त परीक्षा में 20 अप्रैल 2025 को गुजराती इंग्लिश मीडियम स्कूल, न्यू पंडरी रोड, सेक्टर-4, देवेंद्र नगर, रायपुर में तृतीय चरण में विजेता प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित हुआ। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद से प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं अजय कुमार राजा गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी के नेतृत्व में रीना साहू एमएससी रसायनशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर, वर्षा गजेंद्र बीए अंतिम वर्ष एवं उर्मिला साहू बीकॉम अंतिम वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। जिसमें रीना साहू एमएससी रसायनशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रीना को गौमय किट एवं 31000 रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।



छात्रा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ ईपी चेलक, डॉ दुर्गावती भारतीय, परीक्षा प्रभारी प्रो. अजय कुमार राजा, डॉ. सीमारानी प्रधान, प्रदीप कन्हेर विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, डॉ. प्रियंका चक्रधारी, मनीषा बेहरा, आशुतोष गोस्वामी, डॉ. जगदीश सत्यम, मुकेश साहू, दिलीप लहरे, परवीन करीम, नम्रता तंबोली, डॉ. गरिमा चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, रेणुका साहू, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, रीना साहू के माता पिता सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी ने हर्ष जताया है।

## सवाल : चीतलों की लाशों और विभाग की लापरवाही का गठजोड़

# एक हफ्ते में तीन चीतलों की हुई मौत का जिम्मेदार कौन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



वन परिक्षेत्र में वन्य जीवन पर संकट गहराता जा रहा है। चारों दिशाओं में फैले जंगलों से लगातार वन्य प्राणियों की मौत हो रही हैं। आलम यह है कि कहीं ज़हरखुरानी तो कहीं आग और कुत्तों के हमले से जंगलों में एक के बाद एक चीतलों की मौत हो रही है, लेकिन वन विभाग इन मौतों को लेकर संवेदनहीन बना हुआ है।

बुंदेली के कक्ष क्र. 220 में एक और चीतल मृत पाया गया। हैरानी की बात यह रही कि इस चीतल की मौत की जानकारी वन विभाग को दो दिन बाद मंगलवार को देर शाम मिली। इसके पहले गिरना के जंगल में भी इसी तरह चीतल की मौत हो चुकी है, जिनकी सूचना भी दो दिन की देरी से विभाग तक पहुंची। बुंदेली और भिथीडीह के जंगल में यह पिछले एक सप्ताह में दूसरा मामला है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम बुंदेली के जंगल कक्ष क्र. 220 में चीतल की मौत जहरखुरानी के कारण हुई और एक बैल की भी इसी जगह में मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों के अनुसार, भिथीडीह के जंगल कक्ष क्र. 243 में मरे चीतल की मौत खूंखार कुत्तों के हमले से बताई जा रही है।

प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिक राम डडसेना का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा और उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उप वनमंडलाधिकारी यूआर बसंत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, जिम्मेदार वन कर्मियों के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई से उन्होंने इनकार कर दिया।

### अधिकारियों को 2 दिन बाद मिल रही है जानकारी

पिथौरा के जंगलों में वन्य प्राणियों की रहस्यमयी मौतें हो रही हैं। हैरानी की बात ये है कि वन विभाग को घटनाओं की जानकारी दो-दो दिन बाद मिल रही है। इससे विभाग की गंभीर लापरवाही और सुस्त कार्यप्रणाली उजागर हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि समय पर पेट्रोलिंग और निगरानी नहीं की जा रही है। जिसके कारण वन्य प्राणियों को सुरक्षित वातावरण नहीं मिल पा रही है। मामले में जब हमारे संवददाता ने वन अधिकारियों से बातचीत की तो अधिकारी सवालों से बचते रहे।

### वन विभाग की लापरवाही पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगलों में वन्य प्राणियों की मौत के पीछे वन विभाग की लापरवाही है। समय पर निगरानी नहीं हो रही, न ही निगरानी के प्रभावी साधन हैं। एक के बाद एक लगातार 3 चीतलों की मौत के बाद वन विभाग की लापरवाही सामने आ रही है।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट बना जनजीवन का सबसे बड़ा दुश्मन

## पिथौरा नगर सहित दर्जनों ग्रामीण अंचल लो वोल्टेज और अनियमित कटौती से बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप चरम पर है। वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की उदासीनता लोगों के लिए दोहरी मुसीबत बनी हुई है। एक तरफ 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान लोगों को झुलसा रहा है, वहीं दूसरी ओर लो वोल्टेज और बार-बार हो रही असमय बिजली कटौती से जनजीवन को अस्त-व्यस्त है।

ग्रामीण अंचलों में तो हालात और भी बदतर हैं। यहां न तो बिजली नियमित है और न ही वोल्टेज पर्याप्त। पंखे चलना तो दूर, कई घरों में बल्ब भी टिमटिमा रहे हैं। किसान सिंचाई के लिए पंप नहीं चला पा रहे, और व्यापारी वर्ग को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जनता का आरोप है कि विद्युत विभाग को कई बार समस्या से अवगत कराया गया। परंतु, विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ना तो ट्रांसफार्मर बदले गए और ना ही सप्लाई लाइन की मरम्मत हुई।



### जनता में उबाल आंदोलन की चेतावनी

गर्मी और बिजली संकट से परेशान होकर कई सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर आने वाले दिनों में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेंगे। कई स्थानों पर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

### आम हो चुकी हैं ये समस्याएं

लगातार विद्युत आपूर्ति की आंख-मिचौली, वोल्टेज 100-120 वी तक गिर रहा, ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड, गर्मी में पंखे-कूलर भी नहीं चल पा रहे हैं, किसानों की रबी फसल को नुकसान हो रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

# पिथौरा ब्लॉक के 126 ग्राम पंचायतों में 2334 शौचालयों की स्वीकृति

## सुशासन तिहार में शौचालय निर्माण की मांगों पर हुआ संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक जवाबदेही और जनता से संवाद स्थापित करने के लिए आयोजित सुशासन तिहार का सफल आयोजन पिथौरा विकासखंड के 126 ग्राम पंचायतों में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शासन को आवेदन सौंपे, जिनमें प्रमुखता से शौचालय निर्माण की मांग की गई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत आने वाली इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा तत्काल स्वीकृति की बजाय निराकरण के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत समस्त ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों की सूची तैयार कर शौचालय निर्माण हेतु पात्रता परीक्षण किया जा रहा है।




### इन ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक मांग

मिली जानकारी के अनुसार मेमरा में 185, बुंदेली में 171, नरसिंगपुर में 117, डोंगरीपाली में 93, नवागांव कला में 86 तथा लीलेसर में 80 आवेदन मिले। विकासखंड स्तर पर कुल 2334 आवेदन शौचालय निर्माण के लिए प्राप्त हुए हैं। प्रशासन द्वारा इन सभी आवेदनों की समीक्षा की जा रही है और पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वीकृति उपरांत प्रत्येक हितग्राही को 12, 000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# केंद्रीय विद्यालय में हुआ तरुणोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम का शुभारंभ संजय कंसल प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं जितेंद्र कुमार चंद्राकर प्रभारी के संयोजन में आयोजित तरुणोत्सव कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय संगठन की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से बच्चों के विषय चयन में आसानी होती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एमआर धीवर सहायक प्राध्यापक महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने भौतिकी के क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्र में करियर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विषय चयन और उस क्षेत्र में रोजगार की संभावना में जानकारी प्राप्त कर प्रफुल्लित नजर आए। कार्यक्रम में सुरेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में करियर गाइडेंस कार्यक्रम की सार्थकता बताते हुए धीवर का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन कर आत्मीय स्वागत किए। इस अवसर पर वंदना आचार्य, मनीषा, भूमिका साहू, स्टॉफ तथा विद्यार्थीगण मौजूद थे। तरुणोत्सव कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने तथा विवेकानंद प्रधान ने आभार व्यक्त किया।



# परसट्ठी मार्ग जर्जर, राहगीर हो रहे हैं परेशान, मरम्मत कराने की मांग

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से महज 5 किमी दूरी पर स्थित ग्राम परसट्ठी का मार्ग जर्जर हो गया है, जो यह मार्ग सीधे महासमुंद बरोंडा बाजार-परसट्ठी होते हुए राजिम जाता है।

जर्जर मार्ग के कारण राहगीरों को काफी मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग में आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। जर्जर रोड के कारण ग्रामीण तथा नियमित आने जाने वाले लोगों के लिए यह असुविधा काफी दिनों से बनी हुई है। इस रोड पर हमेशा रेत तथा पत्थर गाड़ी जैसे ट्रैक्टर और ट्रक जैसे भारी वाहनों का आवाजाही होती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड के मरम्मत तथा बनाए जाने के लिए जनप्रतिनिधियों तथा आला अधिकारियों से मांग की गई है। फिर भी आज भी स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण टेकू यादव, यादराम साहू, पुरानिक साहू, मोहित कुमार साहू आदि ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।



# गिरते भू-जल स्तर पर नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ में संगम अभियान की शुरुआत

## जनभागीदारी से होगा भू-जल संरक्षण और संवर्धन का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य में गिरते भू-जल स्तर को नियंत्रित करने और जल उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से संगम अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान जनप्रतिनिधियों, महिला समूहों, पंचायत कर्मियों और विभिन्न विभागों के सहयोग से जनभागीदारी के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक प्रयासों से भू-जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी, खेती और घरेलू उपयोग के लिए जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इसे देखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में जीआईएस आधारित जल संचय और आजीविका संवर्धन योजना तैयार की जाएगी, जिसे ग्राम पंचायत विकास योजना में भी शामिल किया जाएगा।

इस अभियान में सर्वप्रथम 24 अप्रैल को सभी पंचायत भवनों की दीवारों पर संबंधित ग्राम पंचायत का भूजल स्तर (मीटर में) अंकित किया जाएगा। साथ ही खुले कुओं का जलस्तर वर्ष में दो बार जलदूत ऐप के माध्यम से मापा जाएगा और इसका डाटा अपलोड किया जाएगा। भू-जल रिचार्ज के लिए कैच द रेन, वाटरशेड और महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं को एकीकृत कर रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत रिचार्ज पिट, सैंड फिल्टर, लूज बोल्डर चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, अमृत सरोवर और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा शासकीय भवनों और ग्रामीण आवासों में वर्षा जल संचयन (रेनवॉटर हार्वेस्टिंग) को प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्राम सभाओं में समुदाय को पर्याप्त जल युक्त गांव का संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। यह अभियान जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है, जिसमें जनता की सक्रिय भागीदारी से जल संरक्षण को साकार रूप दिया जाएगा।



